# एनआईटीटीटीआर और एचएएल ने मिलाया हाथ

## आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर




नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 16 मार्च. रक्षा प्रौद्योगिकी और उन्नत इंजीनियरिंग के क्षेत्र में शिक्षा और उद्योग को जोड़ने की दिशा में सोमवार को एक महत्वपूर्ण पहल हुई, जिसके तहत राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल (एनआईटीटीटीआर) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए.**

इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता कम करना है. समझौते के तहत दोनों संस्थान रिवर्स इंजीनियरिंग डिजाइन अनुकूलन और महत्वपूर्ण रक्षा घटकों के स्वदेशी विकास पर मिलकर काम करेंगे. इसके माध्यम से आधुनिक इंजीनियरिंग उपकरणों और उन्नत निर्माण तकनीकों का उपयोग कर रक्षा प्रणालियों के स्वदेशी विकल्प विकसित किए जाएंगे. संस्थान के निदेशक संजय त्रिपाठी ने कहा कि यह साझेदारी छात्रों और शोधकर्ताओं को वास्तविक रक्षा अनुप्रयोगों से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है. उन्होंने कहा कि संस्थान का लक्ष्य आत्मनिर्भर रक्षा तकनीक के विकास को बढ़ावा देना और उद्योग तथा शिक्षा के बीच मजबूत संबंध स्थापित करना है. उन्होंने बताया कि इस सहयोग से मप्र के स्टार्टअप और सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों को भी विमानन] एयरोस्पेस निर्माण कार्यक्रमों में भागीदारी का अवसर मिलेगा. इस दौरान एचएएल नासिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी साकेत चतुर्वेदी व अन्य अधिकारी मौजूद थे.

### छात्रों को मिलेगा परियोजनाओं से जुड़ने का अवसर

बता दें एमओयू के अंतर्गत शैक्षणिक और तकनीकी सहयोग पर भी विशेष जोर रहेगा .इसके तहत डिफेंस टेक्नोलॉजी में प्रस्तावित एमटेक कार्यक्रम संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम और छात्र इंटर्नशिप जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी .इससे विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को वास्तविक रक्षा परियोजनाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा और वे नवाचार तथा उत्पाद विकास में योगदान दे सकेंगे।

# आशुतोष राणा ने बनाए पार्थिव शिवलिंग

## बिट्टन मार्केट में पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्राभिषेक यज्ञ का पांचवां दिन

**भोपाल, 16 मार्च. बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान में चल रहे 137 वें पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्राभिषेक यज्ञ में पांचवें दिन सोमवार को फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा और विधायक संजय पाठक, पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान, इंदौर विधायक रमेश मेंदोला शामिल हुए.**

डॉ. अनिल देव प्रभाकर शास्त्री (बड़े भैया) के सान्निध्य में आयोजित महारुद्राभिषेक यज्ञ में अभिनेता राणा ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया. इसमें विधायक पाठक भी शामिल हुए. इस दौरान दोनों ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए धर्म और सनातन संस्कृति की महत्ता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि गुरु भक्ति का मार्ग ही जीवन को सार्थक बनाता है. सनातन धर्म की रक्षा और प्रचार ही हमारा परम कर्तव्य है.' पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल ने कहा, 'यह यज्ञ न केवल भक्ति का प्रतीक है, बल्कि समाज को एकजुट करने का माध्यम भी है. इस दौरान सभी ने डॉ. शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया.



## आनंदधाम के बुजुर्गों के साथ गाए भजन

**भोपाल, 16 मार्च.** द भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज (बीएसएसएस) की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो.) इकाई द्वारा सेवा भारती आनंदधाम, भोपाल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ औपचारिक एंकरिंग एवं परिचय के साथ हुआ, जिसके बाद द्वितीय वर्ष एवं प्रथम वर्ष के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को आनंदमय बना दिया. इसके पश्चात 'ऐसे कैसे' और 'पास द ऑब्जेक्ट' जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया. विशेष रूप से 'पास द ऑब्जेक्ट' खेल के दौरान आनंदधाम में निवासरत वरिष्ठजनों ने स्वयं भी गीत गाकर अपनी खुशी व्यक्त की.

## प्रशासन अकादमी, मैनिट के बीच एमओयू

**भोपाल, 16 मार्च. आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल तथा मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट), के मध्य प्रशासनिक प्रशिक्षण, शोध एवं शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए.**



अकादमी परिसर में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में मैनिट की ओर से डॉ.अनुपमा शर्मा, डीन (आईडी एवं आईआर) ने निदेशक मानित प्रो. के के शुक्ला के प्रतिनिधि के तौर पर तथा प्रशासन अकादमी की ओर से निदेशक मुजीबुर रहमान खान द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए. इस अवसर पर मैनिट की ओर से एसोसिएट डीन डॉ. अमित भगत एवं डॉ. जयत्रिलोक चौधरी तथा प्रशासन अकादमी की ओर से डॉ. ममता खेड़े की उपस्थिति रही. कार्यक्रम प्रशासन अकादमी के महानिदेशक सचिन सिन्हा की उपस्थिति में हुआ. इस समझौते के तहत प्रशासनिक प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, शोध गतिविधियों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों तथा तकनीकी एवं प्रबंधकीय विषयों पर संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इस सहयोग से राज्य शासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीकी एवं प्रबंधकीय दृष्टिकोण को शामिल किया जाएगा.

## बच्चों को वितरित की शैक्षणिक सामग्री

**भोपाल, 16 मार्च.** सेवा भारती सुभाष मंडल ने परपीड़ा हर वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से संस्कार केंद्रों के बच्चों को पढ़ाई से जुड़ी आवश्यक सामग्री वितरित की गई.

सुभाष मंडल के सचिव नरेंद्र खुबानी ने बताया गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया के गौतम नगर, आदर्श नगर, विकास नगर, विकास नगर-2 कैलाश नगर, आदि क्षेत्रों के संस्कार केंद्रों में बच्चों को कॉपी, पेंसिल एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई, जिससे उनके अध्ययन में सहायता मिल सके और उनका भविष्य उज्ज्वल बने. इस सेवा कार्य में संस्कार केंद्रों की अध्यापिका दीदियों दुर्गा, नंदिनी, राधा, पूजा गुप्ता, लक्ष्मी शर्मा का सहयोग रहा.



### बाबा मुक्तेश्वर महाकाल का श्रृंगार

**भोपाल, 16 मार्च.** बाबा मुक्तेश्वर महाकाल का सोम प्रदोष पर मां कालका के स्वरूप में श्रृंगार किया गया. इधर श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा बाबा बटेश्वर का गन्ने के रस एवं दूध से रुद्राभिषेक किया गया .रात्रि 9 बजे पांच क्विंटल मोगरा, गुलाब एवं सेवंती के फूलों से श्रृंगार कर महा आरती की गई.

## क्रिकेट स्पर्धा के लिए खिलाड़ियों को परखा

**भोपाल, 16 मार्च.** मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (सिंधिया कप) 2026 के अंतर्गत आईसेक्ट समूह की पुरुष क्रिकेट टीम 'रॉयल निमाड़ ईगल्स' के लिए चयन ट्रायल्स का आयोजन स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी, भोपाल के परिसर में में किया गया. ट्रायल्स के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन किए, जिनमें भोपाल संभाग सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया. इस ट्रायल में भोपाल, सीहोर, विदिशा, जबलपुर, ग्वालियर, होशंगाबाद, कालापीपल सहित आसपास के क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने बैटिंग, बॉलिंग, फील्डिंग और विकेटकीपिंग में शानदार प्रदर्शन किया.

## एक नजर में



### यूपीएससी में सफल चितवन जैन का सम्मान

**भोपाल, 16 मार्च.** यूपीएससी में 17 वीं रैंक प्राप्त करने वाले चितवन जैन का राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ भोपाल के सदस्यों ने रविवार को सम्मान किया. चितवन जैन अशोकनगर के रहने वाले हैं. चितवन ने दसवीं तक की शिक्षा अशोकनगर के एक निजी स्कूल से प्राप्त की. इसके बाद उन्होंने भोपाल में 12वीं की पढ़ाई की और फिर दिल्ली से बीकॉम में स्नातक किया. स्नातक के बाद उन्होंने यूपीएससी की तैयारी शुरू की.



### भोपाल के सुरेश सोनपुरे वाराणसी में सम्मानित

**भोपाल, 16 मार्च.** भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय साहित्य और सांस्कृतिक मैत्री सम्मेलन में भोपाल के साहित्यकार सुरेश सोनपुरे को अंतर्राष्ट्रीय काशी विश्वनाथ साहित्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया. यह कार्यक्रम वाराणसी के हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यालय दुर्गाकुंड में आयोजित किया गया. जिसमें भारत और नेपाल के करीब 100 साहित्यकारों ने भाग लिया. सम्मेलन का आयोजन प्रगति विचार एवं साहित्य मंच बुलंदशहर और चारु साहित्य प्रतिष्ठान विराटनगर नेपाल के संयुक्त सहयोग से किया गया. मध्यप्रदेश से भोपाल के सुरेश सोनपुरे अजनबी के साथ डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव और सीहोर के कमलेश शर्मा ने भी सम्मेलन में भाग लिया. इस दौरान सुरेश सोनपुरे ने अपनी भावपूर्ण रचना सीधे सादे भोले भाले हम सच्चे बन जाएं, अभी अभी एक सपना देखा, हम बच्चे बन जाएं सुनाकर उपस्थित साहित्यकारों को भावुक कर दिया.

# यदुवंश समाज की महिलाओं का किया सम्मान

### बरखेड़ा श्रीकृष्ण मंदिर परिसर में हुआ कार्यक्रम

**भोपाल, 16 मार्च. कृष्ण फाउंडेशन द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में बरखेड़ा भेल स्थित श्रीकृष्ण मंदिर प्रांगण (बी.आर. यादव भवन) में समारोह का आयोजन किया गया. 'आधी आबादी नहीं, आधी बेहतर आबादी' के संकल्प के साथ आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यदुवंश की उन महिलाओं का सम्मान करना था, जो शिक्षित, आत्मनिर्भर होकर समाज में निर्णय लेने की क्षमता रखती हैं.**



समारोह में विद्या यादव (प्रयागराज), डॉ. नेहा राय यादव (एम्स), डॉ. प्रतिमा प्रसाद (सेज यूनिवर्सिटी), अलका रानी यादव (एसबीआई), डॉ. प्रांजलि यादव (जेपी हॉस्पिटल) शामिल रहीं. वक्ताओं ने जोर दिया कि महिलाएं केवल संबल ही नहीं, बल्कि विकास की मुख्य धुरी हैं. इस अवसर पर महिला शक्तियों को 'श्रीमती गंगा देवी यादव स्मृति चिन्ह' से सम्मानित किया गया. विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए.

### पर्वतारोही अंजना यादव को 1,02,000 की प्रोत्साहन राशि

समारोह में पर्वतारोही अंजना यादव का सम्मान किया गया. उन्हें दुनिया की सबसे ऊंची चोटी 'सागरमाथा' (माउंट एवरेस्ट) फतह करने के लिए 1,02,000 की सहायता राशि के चेक प्रदान किए गए. इसमें 51,000 रुपये 'उज्वल पथ' के विनय व विपुल यादव द्वारा और 51,000 'कृष्ण फाउंडेशन' द्वारा दिए गए. यह चेक राजेंद्र सिंह यादव, जीएस यादव, आशीष यादव और अशोक यादव द्वारा सौंपा गया. कार्यक्रम का संचालन किरण यादव ने किया.



# नववर्ष मेला महोत्सव के कार्यालय का उद्घाटन

### दशहरा मैदान, टीटी नगर में 19 को शुरू होगा महोत्सव

**भोपाल, 16 मार्च. महानगर मेला उत्सव समिति की ओर से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले नववर्ष मेला महोत्सव के कार्यालय का सोमवार को उद्घाटन और मेला स्थल का भूमिपूजन दशहरा मैदान, टीटी नगर में किया गया.**

इस अवसर पर गुफा मंदिर के महंत राम प्रवेश दास, मरघटिया मंदिर के महंत कन्हैया दास, पंडित विष्णु राजौरिया(परशुराम बोर्ड), पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, मेला संयोजक एवं पूर्व नगर निगम अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, उद्योगपति ओ.पी. बंसल, मेला समिति के महासचिव अजय अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष राकेश जोशी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

महानगर मेला उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नववर्ष मेला महोत्सव का शुभारंभ 19 मार्च को दशहरा मैदान, टीटी नगर में होगा. यह महोत्सव 18 अप्रैल तक चलेगा. एक माह तक चलने वाले इस मेले में शिक्षा, संस्कृति, रोजगार और व्यापार का भव्य पारिवारिक संगम देखने को मिलेगा. मेले में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम होंगे.

### मेला में होने वाले कार्यक्रम

- 21 मार्च- प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा की भजन संध्या.
- 23 मार्च - शहीदी दिवस के अवसर पर देशभक्ति गीत-संगीत कार्यक्रम.
- 24 मार्च - नवरात्रि विशेष धार्मिक नृत्य नाटिका.
- 28 मार्च - राजाभोज महानाट्य प्रस्तुति.
- 04 अप्रैल - अखिल भारतीय कवि सम्मेलन.
- 13 अप्रैल - खाटूश्याम भजन संध्या.

## एम्स में जैव रसायन विभाग का स्थापना दिवस मनाया

**भोपाल, 16 मार्च.** एम्स में सोमवार को जैव रसायन विभाग का स्थापना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ वैज्ञानिक शोध के महत्व से अवगत कराना और उन्हें नई खोजों के लिए प्रेरित करना था. कार्यपालक निदेशक प्रो. माधवानन्द कर ने कहा कि जीवन की संरचना, बीमारियों को समझने में रसायन विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें केवल क्लिनिकल अभ्यास तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि शोध कार्य में भी भागीदारी करनी चाहिए.

## समाज में बढ़ती संवेदनहीनता पर उठाए सवाल

### लिटिल बैले ट्रुप में नाटक मध्यांतर का मंचन

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 16 मार्च. जहां परिवार के बीच खामोशी और स्वार्थ की दीवार खड़ी दिखाई देती है, वहीं संवादों के बीच रिश्तों की दरार और इंसानी संवेदनाओं की कमी झलकने लगती है. सोमवार शाम को नाटक मध्यांतर का मंचन एकरंग सोसियो कल्चरल सोसाइटी द्वारा लिटिल बैले ट्रूप में किया गया.**

नाटक का आयोजन स्वयं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से पद्मश्री स्व. गुलबर्द्धन राष्ट्रीय नाट्य एवं बैले समारोह स्वयं सिद्धा -5 के तहत किया गया. नाटक का निर्देशन भोपाल की रंगकर्मी विभा श्रीवास्तव ने किया. नाटक समाज में बढ़ती संवेदनहीनता और रिश्तों में आई दूरी पर तीखा सवाल उठाता है. कहानी एक पति पत्नी के इर्द गिर्द घूमती है जो अपने जीवन में खुश हैं. लेकिन एक हादसे में नायक अपाहिज हो जाता है साथ ही पति-पत्नी के जीवन से मां-बाप बनने का सुख छिन जाता है. इस स्थिति में नायक नायिका को दूसरी शादी करने को कहता है और पत्नी उसकी इस बात पर उसे उसकी निर्बलता के अहसास को एक प्रबल उम्मीद से बांधती है और नए सिरे से जीवन को जीने की राह दिखलाती है.



## मार्गदर्शन

### भोज विवि में स्टार्टअप के लीगल और एथिकल स्टेप्स पर कार्यक्रम आयोजित

# स्टार्टअप में भी जरूरी है युद्ध जैसी रणनीति

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 16 मार्च. बिजनेस और युद्ध में एक ही सिद्धांत लागू होते हैं. इसलिए व्यवसाय में सही योजना धैर्य और सही समय पर निर्णय लेना बहुत जरूरी होता है. यह बात प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस बीबी शर्मा ने सोमवार को मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कही.**



उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी स्टार्टअप को शुरू करने के लिए सही सरकारी योजनाओं की जानकारी और कानूनी प्रक्रियाओं की समझ होना जरूरी है. उन्होंने सफल स्टार्टअप के उदाहरण देते हुए बताया कि एक अच्छे विचार को सही दिशा में मेहनत करके कम जोखिम के साथ बड़े व्यवसाय में बदला जा सकता है. उन्होंने आमेजन और ब्लिंकिट जैसे स्टार्टअप के उदाहरण भी दिए.बता दें कार्यक्रम का विषय स्टार्टअप के लीगल और एथिकल स्टेप्स था. उन्होंने विद्यार्थियों को लेबर लॉ और कॉपीराइट जैसे कानूनी पहलुओं की जानकारी देते हुए कानून और नैतिकता दोनों का पालन व्यवसाय की सफलता के लिए आवश्यक बताया. साथ ही व्यवसाय में पारदर्शिता बनाए रखने को भी उतना ही महत्वपूर्ण बताया. उन्होंने कहा कि गुजरात में युवा कम उम्र से ही नौकरी के बजाय व्यवसाय और स्टार्टअप की ओर अधिक रुझान दिखाते हैं.उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में स्टार्टअप की संभावनाओं पर भी चर्चा की. उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों की विज्ञान और अंग्रेजी विषयों पर अच्छी पकड़ होती है वे शिक्षा के क्षेत्र में आसानी से अपना स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं.पहले भी लोग ट्यूशन और कोचिंग के माध्यम से शिक्षण कार्य शुरू करते थे.

## मातृछाया परिसर में खेली फूलों की होली

**भोपाल 16 मार्च.** सेवा भारती भोपाल विभाग महिला कार्यकारिणी द्वारा महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन मातृछाया परिसर में किया गया. कार्यक्रम में महिला संयोजिका सुनीता सूर्यवंशी और महानगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह की उपस्थिति में बहनों ने फूलों की होली खेलकर उत्सव का आनंद लिया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विजेता सूर्यवंशी (असिस्टेंट डायरेक्टर एजुकेशन, बीईओ फंदा भोपाल) ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा भारती महिलाओं के जीवन में खुशियों और आत्मविश्वास के रंग भरने का कार्य कर रही है. इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संदेश देते हैं.

# गांव की महिलाएं दिखा रहीं बदलाव की राह

### ग्रामीण महिलाओं ने साझा की सफलता की कहानी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 16 मार्च. गांवों की महिलाएं अब केवल घर तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि अपने नेतृत्व और उद्यमिता से पूरे समुदाय को आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में ऐसी प्रेरक कहानियां सामने आईं, जहां ग्रामीण महिलाओं ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की.**



यह कार्यक्रम टांसफार्म रूरल इंडिया की ओर से होटल पलाश रेजीडेंसी में आयोजित किया गया. इसमें सुशासन, सुरक्षा, महिलाओं की स्वतंत्र आवाजाही और डिजिटल भविष्य जैसे विषयों पर चर्चा हुई. महिलाओं ने स्पेशल डीजी अनिल कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनीत अग्रवाल और एआईजी बीना सिंह के साथ संवाद भी किया.

उन्होंने महिलाओं के अनुभवों के माध्यम से सुरक्षा महिलाओं के आवाजाही की स्वतंत्रता और समावेशन से जुड़े वास्तविक मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने का प्रयास किया. महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ के पेटलावद में महिला मोबिलिटी सेंटर और महिलाओं के डिजिटल समावेशन के लिए अपना एआई पहल का शुभारंभ किया.